# पटना में 15 मीटर से अधिक ऊँचाई वाले भवनों का होगा विद्युत सुरक्षा ऑडिट

## चर्चा में क्यों?

12 मई, 2022 को बिहार सरकार ने राजधानी पटना में 15 मीटर से अधिक ऊँचाई वाले सभी भवनों के विद्युत सुरक्षा ऑडिट का आदेश दिया। इसी तरह के ऑडिट बाद में राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में किये जाएंगे।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने यह फैसला विश्वेश्वरैया भवन में 11 मई को भीषण आग लगने के बाद लिया। विश्वेश्वरैया भवन एक विशाल बहुमंज़िला इमारत है, जिसमें सरकारी कार्यालयों सहित कई प्रमुख प्रतिष्ठान हैं।
- होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज़ की महानिदेशक शोभा अहोटकर ने इस संबंध में बताया कि सुरक्षा ऑडिट के लिये फायर इंजीनियरिंग सलाहकारों को नियुक्त करने का भी फैसला किया गया है।
- ये विशेषज्ञ सरकारी भवनों का अग्नि सुरक्षा मूल्यांकन करेंगे और भविष्य के लिये सुरक्षा योजनाएँ भी प्रस्तुत करेंगे।
- महानिदेशक शोभा अहोटकर ने बताया कि जल्द ही शहर में विद्युत सुरक्षा ऑडिट करने के लिये कम-से-कम सात टीमों का गठन किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gyanvapi-mosque-dispute-1